हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 1 दिसंबर 2025

06 कलयुग में महान वही है, जिसने घर को मंदिर ...



07 बुजुर्गों के अनुभवों से जीवन श्रेष्ठ बनता ...






## खबर संक्षेप

### गीता महोत्सव आज

**विदिशा।** गीता जयंती के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य एक दिसम्बर को आयोजन जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों व निकायों में किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर आज सोमवार को ऑडिटोरिम में कार्यक्रम सुबह 10 बजे से होगा। आज सुबह 9.55 पर अतिथियों का आगमन और प्रदर्शनी का अवलोकन के बाद 10.10 बजे अतिथि परिचय एवं स्वागत, 11 बजे श्रीमद भागवत गीता के 15वें अध्याय का पाठ, 11.10 बजे गीता पर संक्षिप्त व्याख्या, 11.25 बजे गीता के कर्मयोग उद्येश्य पर व्याख्यान इसके बाद अतिथियों का उद्बोधन, दोपहर 12.15 बजे से गीता माता की आरती पुष्पांजलि, 12.30 आभार कृतज्ञता ज्ञापन और इसके बाद प्रसाद वितरण पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा।

### एक नोडल व तीन सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में एक दिसम्बर को गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव जिला मुख्यालय एवं विकासखंड स्तर पर सुव्यवस्थित रूप से आयोजन कराने हेतु एक नोडल और तीन सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर शगुप्ता ने जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया को नोडल अधिकारी एवं तीन सहायक नोडल अधिकारियों में राजमाता विजया राजे सिंधिया शासकीय कन्या यअग्रणीद्ध विदिशा के प्राचार्य बीड़ी अहिरवार, जिला शिक्षा अधिकारी शिशुपाल जाटव, जिला शिक्षा केन्द्र के परियोजना समन्वयक आरपी लखेर शामिल हैं।

### द्वितीय चरण के लिए अमले को दिया प्रशिक्षण

**विदिशा।** दुग्ध समृध्दि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण दिसंबर माह में प्रस्तावित है। जिसमें 5 से 9 गोवंश तथा भैंसवशं रखने वाले ग्राम के पशुपालकों के यहां प्रशिक्षित विभागीय अमले द्वारा गृह भेंट कर जानकारी दी जाएगी। जिले के प्रत्येक विकास खंड तथा जिला स्तर से मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में आयोजित किया गया था। अभियान के द्वितीय चरण हेतु मैदानी अमले का प्रशिक्षण जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर आयोजित किया जाना है।

## उदयगिरि के पीछे मनमोहक झरना



**विदिशा।** उदयगिरि पहाड़ी के पीछे एक सुंदर दृश्य इन दिनों दिखाई दे रहा है। बेतवा नदी पर बने डैम से पानी नीचे गिर रहा है। पानी की आवाज और झरने से गिरता दूधिया पानी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

### अच्छी खबर

### स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने 16 एएनएम आ रहीं

**विदिशा।** जिले में बिगड़ी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने 16 नई एएनएम जल्द ही स्वास्थ्य विभाग को मिलने वाली हैं। इन एएनएम को ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात किया जाएगा जहां पर एएनएम की कमी है और इनके न कारण टीकाकरण कार्य प्रभावित होता है। इसके बाद अगली खेप में फिर से करीब 10 से 12 की संख्या में एएनएम की नियुक्त विदिशा जिले में होगी। बता दें की अभी जिले में कम से कम 70 एएनएम की कमी है। इसके कारण टीकाकरण का कार्य प्रभावित होता है। नई एएनएम मिलने के बाद भी जिलेभर में करीब 50 एएनएम की कमी रहेगी। हालांकि दिसंबर माह में 16 नई एएनएम मिलने से स्वास्थ्य विभाग के काम में कुछ सुधार होगा।

### एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को किया जा रहा सम्मानित

# कलेक्टर के निर्देश पर काम में आई तेजी जिला में 94.79 फीसदी डिजिटाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है।

गहन पुनरीक्षण का कार्य लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। जिले में 30 नवंबर को दोपहर 2 बजे तक 94.79 फीसदी मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। विदिशा जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 11 लाख 20 हजार 532 है। जिसमें से 30 नवंबर की दोपहर 2 बजे तक 10 लाख 12 हजार 603 मतदाताओं के गणमना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता ने बताया कि जिले के मतदान केंद्रों में बीएलओ तथा उनके सहायक पूरे उत्साह के साथ गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन कर रहे हैं। जिले में तीस नवम्बर की दोपहर दो बजे तक कुल 94.79 प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया जा चुका है।



**विदिशा।** शमशाबाद में 100% गणना पत्रकों को डिजिटाइज्ड किया जा चुका है।

विधानसभा क्षेत्र विदिशा में लक्ष्य का 84.48 प्रतिशत, बासौदा में 91.42 प्रतिशत, कुरवाई में 93.18 प्रतिशत, सिरोंज में 90.56 प्रतिशत तथा शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 92.46 प्रतिशत लक्ष्य 30 नवंबर की दोपहर 2 बजे तक पूरा कर लिया गया है। मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं। जिन मतदाताओं ने गणना पत्रक वापस नहीं किए हैं वे अपने गणना पत्रक तत्काल बीएलओ को उपलब्ध कराएं। जिले में शेष बचे मतदाताओं की मैपिंग करके उनका डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। शेष गणना पत्रकों के लिए विशेष प्रयास जारी जिले में जिन मतदाताओं के गणना पत्रक लंबित है। इनके लिए बीएलओ, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कोटवार तथा स्थानीय वालंटियर घर-घर संपर्क कर फॉर्म भरवाने में सहयोग कर रहे हैं। लंबित मतदाताओं की सूची तैयार कर प्रत्येक परिवार से संपर्क किया जा रहा है। मैपिंग संबंधी समस्याओं का समाधान मौके पर ही ऑनलाइन सर्च कर किया जा रहा है।

जिले में अब तक 439 बीएलओ द्वारा शत-प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं जिन्हें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। विधानसभावार जानकारी अनुसार विदिशा विधानसभा में 55, बासौदा में 104, कुरवाई में 152, सिरोंज में 64 और शमशाबाद में 64 बीएलओं द्वारा 100 प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों को डिजिटाइज्ड किया जा चुका है।

### पलायन मतदाताओं के परिजनों से संपर्क

जिले के ऐसे मतदाता जो मजदूरी के लिए बाहर गए उन मतदाताओं के परिवारजन से विधानसभा एवं जिला कॉल सेंटर द्वारा प्रतिदिन संपर्क किया जा रहा है। वरिष्ठ परिवार सदस्यों के माध्यम से फार्म प्राप्त कर उन्हें ऑनलाइन किया जा रहा है।

### 1950 हेल्पलाइन व हेल्प डेस्क सहायक

विशेष पुनरीक्षण में सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 1950 सक्रिय है। जिस पर कई मतदाताओं ने अपनी समस्याओं का हल प्राप्त किया। विस और जिला स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्कों के माध्यम से भी - मैपिंग और गणना पत्रक भरने में निरंतर सहायता प्रदान की जा रही है। कलेक्टर ने अपील की है कि शेष मतदाता बीएलओ को फॉर्म भरवाने में सहयोग करें।

### विकास को लेकर पार्षदों का धरना 19वें दिन भी जारी

## पार्षद बोले: केंद्रीय मंत्री चौहान दबाव में हैं, इसलिए वे कुछ नहीं बोल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर के विकास को लेकर पार्षदों का धरना पिछले 19 दिनों से जारी है। रविवार को धरने पर बैठे पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र सक्सेना ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के एक बयान पर कटाक्ष किया है। सक्सेना ने शिवराज सिंह चौहान को भीष्म पितामह बताते हुए कहा कि जिस प्रकार भीष्म पितामह ने हस्तिनापुर की रक्षा का वचन लेकर गलत शासन का भी साथ निभाया, उसी तरह आज शिवराज जी भी विदिशा के भाजपा नेताओं का हर हाल में साथ दे रहे हैं।

### शिवराज पर दबाव है

उन्होंने बताया कि धरना प्रदर्शन के दौरान शिवराज सिंह चौहान दो बार विदिशा आ चुके हैं और उन्हें धरने की पूरी जानकारी भी है। गुलाबगंज में उन्होंने पार्षदों के साथ बैठकर बात करने की बात कही थी, लेकिन अब तक कोई मुलाकात नहीं हुई है। पार्षद प्रतिनिधि धमेन्द्र सक्सेना ने आरोप लगाया कि केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान दबाव में है कि वे कुछ बोल नहीं पा रहे हैं।

### विधायक विकास कार्यों को रोक रहे

पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र सक्सेना ने विधायक पर विदिशा के विकास कार्यों को रोकने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका के पार्षद विकास कार्यों के लिए चुने गए थे, लेकिन उन्हें डरा-धमकाकर घर बैठा दिया गया है। कुछ पार्षदों को पुलिस केस की धमकी दी गई, जबकि अन्य पर दबाव बनाया गया, जिससे वे समर्थन न कर सकें।

### सर्मथन जुटाने पार्षद जनता के बीच जा रहे

धर्मेंद्र सक्सेना ने कहा कि उनका धरना 19वें दिन में पहुंच चुका है और अब वे जनसमर्थन जुटाने के लिए समाज के हर तबके के बीच जा रहे हैं। उन्होंने जनता से समर्थन पत्र लेने और विकास रोकने वाली तानाशाही के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करने की बात कही। सक्सेना ने विश्वास व्यक्त किया कि इस युद्ध में दुर्योधन की हार निश्चित है।

### सीवेज लाइन मरम्मत से सड़क बंद, चालक परेशान

**विदिशा।** बजरिया क्षेत्र में सीवेज लाइन चोक होने के बाद नगरपालिका द्वारा सड़क खोदकर मरम्मत कार्य किया जा रहा है। बीते चार दिनों से जारी इस काम के कारण पूरा मार्ग अवरुद्ध है, जिससे स्थानीय व्यापारियों, रहवासियों और राहगीरों को भारी असुविधा हो रही है। संकरी सड़क पर धूल और कीचड़ के कारण दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है। दुकानदारों का कहना है कि बिक्री पर सीधा असर पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने काम की धीमी गति पर नाराज़गी जताते हुए मरम्मत जल्द पूरा करने की मांग की है। नगर पालिका कर्मचारी शंकर सिंह कुशवाहा का कहना है कि पाइपलाइन बदलने और लीकेज रोकने में समय लग रहा है, लेकिन कार्य शीघ्र पूरा कर मार्ग को सुचारू किया जाएगा।

## तारण स्वामी की 577वीं जयंती पर 3 दिवसीय महोत्सव शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

श्रीमद् जिन तारणतरण मंडलाचार्य महाराज की 577वीं जयंती के अवसर पर सकल तारण समाज द्वारा 3 दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम चैत्यालय से जिनवाणी पालकी शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा अध्यात्मरत्न बसंत जी महाराज एवं साधक संघ के सानिध्य में प्रारंभ हुई।

चांदी की पालकी में आचार्य तारण स्वामी द्वारा रचित 14 महत्वपूर्ण ग्रंथ विराजमान थे। श्रद्धालु धर्म ध्वजाएं लेकर चल रहे थे, वहीं छोटी बच्चियां भक्ति गीतों पर नृत्य कर रही थीं। पालकी में विराजमान जिनवाणी और तारण स्वामी के 14 ग्रंथों की पूजा-अर्चना और आरती की गई। यह शोभायात्रा गल्ला मंडी, लड्डा एजेंसी मार्ग होते हुए खरीफाटक स्थित चैत्यालय पहुंची, जहां से आगे तारण भवन के लिए रवाना हुई। डॉ. ऋषभ जैन ने बताया कि तारण जयंती महोत्सव के तहत खरीफाटक चैत्यालय में चौदह ग्रंथाधिराज पाठ का समापन हो गया है।



## 30 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

वन विभाग ने गुरुवार को ग्यारसपुर वनपरिक्षेत्र के मोहम्मदगढ़ बीट में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 30 हेक्टेयर वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी मुस्कान शिवहरे ने बताया कि यह कार्रवाई डीएफओ हेमंत यादव के मार्गदर्शन और एसडीओ हिमांशु त्यागी के निर्देशन में संचालित की गई। विभाग को कक्ष क्रमांक 69 और 70 में लंबे समय से अवैध कब्जों की शिकायत मिल रही थी, जिन्हें हटाकर भूमि को पुनः संरक्षणाधीन किया गया। कार्रवाई के साथ ही विभाग ने क्षेत्र में कंटूर ट्रेंच और सीपीटी तकनीक के माध्यम से मिट्टी व जल संरक्षण के उपाय भी शुरू किए हैं। अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही पूरे क्षेत्र में रूट-शूट व बीज रोपण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा, ताकि आने वाले वर्षों में यह भूमि दोबारा घने वन क्षेत्र का स्वरूप ले सके।






### 1 साल से लापता महिला को खोजा

**विदिशा।** पुलिस ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए एक मानसिक रूप से अस्थिर लापता महिला को सुरक्षित उसके परिवार से मिलाया। 28 नवंबर को रामलीला चौराहे पर अकेली घूमती महिला मिलने पर शमा परवीन ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। पुलिस के निर्देशन में महिला को वन स्टॉप सेंटर में सुरक्षा दी गई। पूछताछ में जानकारी न मिलने पर तलाशी में मिली पर्ची से उसकी पहचान बिहार के मधुबनी निवासी महाकुमारी के रूप में हुई। सूचना पर परिजन 29 नवंबर को विदिशा पहुंचे और बताया कि वह एक वर्ष से लापता थी। सभी औपचारिकताएं पूरी कर पुलिस ने महिला को परिवार के सुपुर्द किया।

### जिला सनाढ्य ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की गई

# ब्राह्मण समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन 21 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला सनाढ्य ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक समाज के जिला कार्यालय बजरिया में जिलाध्यक्ष पं. दीपक तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन आगामी 21 दिसंबर, रविवार को रविंद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम विदिशा में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल हुजूर के विधायक पं. रामेश्वर शर्मा तथा विशेष अतिथि के रूप में भोपाल हिंदू सेवा समिति के अध्यक्ष पं. चंद्रशेखर तिवारी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद पं. प्रताप भानु शर्मा करेंगे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में पं. श्यामसुंदर शर्मा, पं. राकेश शर्मा और पं. मनोज कटारे शामिल रहेंगे। सम्मेलन में कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में वर्ष 2024-25 में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, जिसकी सूची पं. अभिषेक शर्मा हरिपुरा और युवा समाज अध्यक्ष पं. रुपेश तिवारी तैयार करेंगे। साथ ही जिले के 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजन भी सम्मानित होंगे, जिनकी सूची पं. बृजनंदन दुबे तैयार करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि समाज के प्रत्येक घर को वर्ष 2026 का नया कैलेंडर प्रदान किया जाएगा तथा धर्मशाला निर्माण हेतु वर्तमान वित्त वर्ष में 5000 से अधिक दान देने वाले दानदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। समाज में विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडेटा संकलित कर सम्मेलन उपरांत पुस्तक भी प्रकाशित की जाएगी। अंत में समाज की ओर से सचिव पं. अभिनय तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप


### बिजली प्रदाय रहेगा बंद

**गंजबासौदा।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सोमवार को 33/11 के.व्ही.उपकेंद्रों पर आवश्यक रख रखाव एवं सुधार कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस कारण 33 के. व्ही. बासौदा लाइन की विद्युत आपूर्ति सुबह 8 बजे से 9:30 बजे तक बंद रहेगी। बेहलोट उपकेंद्र पर स्विच परिवर्तन, केबल जॉइंटिंग एवं अन्य आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा, जिसके दौरान बासौदा शहर के अनेक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। रखरखाव कार्य के दौरान 33/11 के.व्ही. बेहलोट एवं बेदनखेड़ी उपकेंद्रों से निकलने वाले 11 के.व्ही. फीडरों की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसके कारण बरेठ रोड, बेहलोट बायपास रोड, स्टेशन रोड, त्योंदा रोड, सावरकर रोड, बस स्टैंड क्षेत्र, रेलवे स्टेशन क्षेत्र एवं अन्य संबद्ध क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति नियत समय तक बंद रहेगी। इसके अतिरिक्त 33/11 के. व्ही. बनवा उपकेंद्र से निकलने वाले 11 के.व्ही. राजेंद्र नगर फीडर, 11 के. व्ही. लालपठार फीडर, 11 के.व्ही. पचमा पंप फीडर एवं 11 के. व्ही. पचमा डीएलएफ फीडर पर भी आवश्यक कार्य जैसे केबल ऑग्मेंटेशन, जंपर एवं अन्य सुधार कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इन कार्यों के कारण इन क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। इस अवधि में लालपठार, पचमा रोड, सिटी सेंटर, राजेंद्र नगर एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। उक्त रखरखाव कार्य लाइन मेंटेनेंस, उपकरण परीक्षण, AB स्विच एवं केबल सुधार कार्यों की सुरक्षा एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह कार्य उपभोक्ताओं को भविष्य में बेहतर, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी द्वारा बताया गया कि आवश्यकता पड़ने पर रखरखाव कार्य का समय मौसम, तकनीकी अथवा आकस्मिक परिस्थितियों के अनुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि निर्धारित अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था रखें एवं विद्युत वितरण कंपनी के विभागीय कार्य में सहयोग प्रदान करें।

# कलयुग में महान वही है, जिसने घर को मंदिर बनाया, जीवन को पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गृहस्थ आश्रम ही मोक्ष का सुगम मार्ग है, यह बात संत परंपरा स्वयं सिद्ध करती है। नरसी भगत ने गृहस्थ में रहते हुए भक्ति से भगवान को पाया, मीरा ने महलों के भीतर रहते हुए श्रीकृष्ण को पाया, और संत तुकाराम, नामदेव जैसे महापुरुषों ने भी पारिवारिक दायित्व निभाते हुए दिव्य भक्ति का प्रकाश फैलाया। कलियुग में वही सबसे महान कहलाता है, जिसने अपने घर को मंदिर, और जीवन को पूजा बना लिया। इस कलयुग में संतों की परंपरा इस बात का प्रमाण है कि भगवान वैरागी की कुटिया में नहीं, गृहस्थ के आँगन में अवतरित होते हैं। चाहे श्रीराम हों या श्रीकृष्ण, भक्त की निष्काम भक्ति से प्रसन्न होकर ईश्वर ने जन्म, गृहस्थ के द्वार पर ही लिया है। यह सिद्ध करता है कि गृहस्थ जीवन केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सबसे बड़ा आश्रम, सबसे महान तपस्या है। परिवार में रहकर, बच्चों का लालन-पालन करते हुए, अपने कर्तव्यों को निभाते हुए भी यदि मनुष्य सदाचार और भक्ति को नहीं छोड़ता, तो वही सच्चा योगी, वही सच्चा तपस्वी है। रसोई घर हवनकुंड बन जाए, परिवार सेवा का रूप लेकर तपस्या बन जाए और कर्म ही ध्यान का रूप ले ले तो वही गृहस्थ संत कहलाता है।



सोमवार को गीता जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय गीता जयंती महोत्सव समापन का समापन होगा। उक्त उद्गार स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में सनातन धर्म सेवा संस्थान के तत्वावधान में गीता जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय प्रवचन की श्रृंखला में रविवार को चतुर्थ दिवस पर गीता मर्मज्ञ भागवताचार्य पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री मानस रत्न ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए अपने अंतर्मन के भाव व्यक्त किए। शास्त्री ने प्रवचन के दौरान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को बताए गए भक्ति, विराट स्वरूप और ज्ञान–कर्म–संन्यास योग की अमृत धारा को व्यक्त किया। प्रवचन के दौरान शास्त्री ने चौथे अध्याय के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्मयोग, भक्ति का स्वरूप और विराट दर्शन का जो मार्ग दिखाया, वह आज भी गृहस्थ को प्रकाश देने वाला दीपक है। उन्होंने गृहस्थ आश्रम को ही मोक्ष का सबसे सुगम मार्ग बताते हुए साधारण जीवन में असाधारण भक्ति को ही कलियुग की सर्वोच्च साधना माना। जो अपने संबंधों में ईश्वर को देख ले और कर्तव्यों में धर्म को पहचान ले, वही गृहस्थ नहीं, एक जीवित साधक है। चार आश्रमों का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास यह चार आश्रम मानव यात्रा के स्तंभ हैं। इनमें गृहस्थ आश्रम को सबसे बड़ा धर्म कहा गया है। प्रवचन के दौरान गीता के रहस्यों को एक जीवन में आध्यात्मिक यात्रा के रूप से जोड़ते हुए जन मानस को कर्म पथ का जीवन दर्शन करा रहे भागवताचार्य पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री का मानस रत्न का रविवार को नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह सहित अन्य सदस्यों की ओर से शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके अलावा नगर में 34 साल से लगातार सनातन की ध्वजा लहरा रहे सनातन धर्म सेवा संस्थान के सदस्यों को समिति की ओर से शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस दौरान सनातन समिति अध्यक्ष राजेश माथुर, हरिओम भावसार, एससी श्रीवास्तव, योगेश अग्रवाल सहित इस वर्ष गीता जयंती के आयोजक केसी तिवारी का भी सम्मान किया गया।

### केबल लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरकर कई बाइक चालक हो चुके हैं घायल

# टेलीकॉम कंपनी की खुदाई के दौरान नपा की पाइप लाइन फूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में अनेक स्थानों पर टेलीकॉम कंपनी ठेकेदार द्वारा केबल लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान सड़क किनारे खुदाई की जा रही है। जहां बड़े गड्ढे खोदकर छोड़ दिए जा रहे हैं। टेलीकॉम कंपनी के गैर जिम्मेदाराना रवैया के चलते इन गड्ढों में गिरकर अनेक वाहन चालक घायल हो चुके हैं। रविवार को बरेठ रोड पर नवीन बस स्टैंड पर टेलीकॉम कंपनी पाइप लाइन बिछाने के दौरान नगर पालिका की जल सप्लाई पाइप लाइन फूट गई। जिससे शाम के समय हजारों लीटर पानी व्यर्थ सड़क पर फैल गया। इस दौरान नवीन बस स्टेण्ड पर पानी ही पानी नजर आया तथा बस स्टैंड क्षेत्र में जल सप्लाई बाधित रही। जिससे बस स्टेण्ड क्षेत्र के रहवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इससे पूर्व गुरुवार को रात्रि के समय बाहलोट बाईपास के पास केबल के लिए खोदे गए गड्ढे में एक मोटरसाइकिल सवार गिरकर घायल हो गया। जिसे आसपास के नागरिकों ने बड़ी मुश्किल से गड्ढे से बाइक सहित बाहर निकाला और उपचार के लिए शासकीय जनचिकित्सालय भेजा गया। वहीं शुक्रवार को ग्राम खेरौदा के पास सडक किनारे केबल लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढे में बाइक गिरने से सरवन अहिरवार, उसकी पत्नी वंदना और बच्ची सृष्टि को गंभीर चोट लगी। उन्हें 108 पायलट अनु राजपूत, दिनेश लोधी द्वारा त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को उच्च उपचार के लिए जिला अस्पताल विदिशा रेफर कर दिया। यहां उल्लेखनीय है कि केबल डालने के लिए टेलीकॉम कंपनी द्वारा शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के किनारे गड्ढे किए जा रहे हैं, जो दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं।







### प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 128 वां एपिसोड का लाइव प्रसारण हुआ। जिसे नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने निज निवास पर देखा।

### भगवान वासुदेव का अन्नाधिवास विधि विधान से संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राजेंद्र नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर के श्रीधाम दरबार में जारी रुद्र महायज्ञ एवं विभिन्न देव-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत रविवार को भगवान वासुदेव की स्थापना से पूर्व अन्नाधिवास संस्कार अत्यंत श्रद्धा और वैदिक रीति-विधानों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समस्त यजमानों ने मंत्रोच्चार के बीच भगवान वासुदेव का अर्चन-पूजन कर अन्नाधिवास पूर्ण किया। पंडित केशव शास्त्री ने इस दौरान कहा कि साधक की साधना उसी मूर्ति में प्रतिष्ठित होती है, जिसे वह भावपूर्वक स्थापित करता है। भगवान श्रीरामदेव बाबा के उत्कृष्ट साधक के रूप में मंदिर के संस्थापक पंडित हरिनारायण पाठक के द्वारा स्थापित भगवान वासुदेव निश्चय ही जनकल्याण एवं भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाले सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में गुना, अशोकनगर, भोपाल, विदिशा, बैरसिया, इंदौर सहित विभिन्न नगरों से आए भक्तों ने भाग लेकर प्रतिष्ठा कार्य को सौभाग्यपूर्ण बनाया। नगर में इस महायज्ञ और प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर विशेष उत्साह बना हुआ है।

### नगरपालिका अध्यक्ष ने किया निर्माणाधीन नालों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इन दिनों नगर के वार्ड क्रमांक 21 और 23 में नाले का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसका रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नगर पालिका सीएमओ, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद मनीष विश्वकर्मा, वार्ड नंबर 7 पार्षद सुनील साहू ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा वार्डवासियों से चर्चा की।

### एडवोकेट शर्मा पुजारी उत्थान व कल्याण समिति अध्यक्ष बने



**गंजबासौदा।** पुजारी उत्थान एवं कल्याण समिति के प्रदेशअध्यक्ष मंगल भारती की अनुशंसा पर प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण दास बैष्ण एवं समिति सदस्यों के द्वारा नगर के एडवोकेट दशरथ प्रसाद शर्मा को भोपाल संभाग का संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर दशरथ प्रसाद शर्मा को मनोनयन पत्र भी भेंट किया गया। नियुक्ति पत्र के पश्चात शर्मा से आशा व्यक्ति गई है कि वह पुजारी के लिए आ रही समस्याओं का समाधान करेंगे उनके साथ बैठक का कर उनकी बात सुनेंगे। शर्मा की नियुक्ति पर सभी शुभ चिंतकों में हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं एवं समिति के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त माना है।

### सर्दी का प्रकोप हुआ तेज

**गंजबासौदा।** विगत दो तीन दिनों से नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह एवं रात्रि के समय सर्दी का प्रकोप तेज हो गया है। अल सुबह जहां हल्का कोहरे के साथ सर्दी एवं शाम होते ही सर्दी का प्रकोप तेज हो रहा है।

### वरिष्ठजनों ने किया भूमि पूजन



**गंजबासौदा।** रविवार को नगर के वार्ड नंबर 16 और 18 के बीच पीपल वाला चौक से लेकर टंडन जी के निवास तक जो मार्ग गुलाबगंज बाईपास को जोड़ता है। उक्त मार्ग का भूमि पूजन एवं शुभारंभ वार्ड 16 के वरिष्ठजनों द्वारा किया गया। इस अवसर पर वार्डवासियों ने बताया कि 22 वर्षों से रहवासी उक्त मार्ग के निर्माण की मांग करते चले आ रहे थे। कई वर्षों के अंतराल के बाद इस मार्ग का निर्माण कार्य नपाध्यक्ष के प्रयास से शुरु हो सका है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव का आभार माना।

### यातायात पुलिस ने बनाए चालान

**गंजबासौदा।** रविवार को बासौदा-उदयपुर मार्ग पर नवीन कृषि उपज मंडी के समीप यातायात पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 6600 का जुर्माना वसूला गया। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं थी, साथ ही, कई वाहन चालक वाहन के दस्तावेज और ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रस्तुत नहीं कर पाए। अभियान एक सप्ताह में नवीन कृषि उपज मंडी के पास हुई दो सड़क दुर्घटनाओं के बाद चलाया गया है। इन घटनाओं के बाद यातायात पुलिस ने इस क्षेत्र में विशेष जांच अभियान शुरू किया है। उक्त अभियान शाम के समय जयस्तंभ चौराहे पर भी चलाया गया।

### बेतवा नदी के रिपटा घाट से श्रमदानियों ने निकाला कचरा

# साप्ताहिक श्रमदान का आठवां चरण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के तहत रविवार को बेतवा नदी तट पर आठवें चरण का स्वच्छता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्रमदान दल के सदस्यों ने दो घंटे तक श्रम कर न केवल घाट की गंदगी हटाई, बल्कि समाज के सामने यह प्रश्न भी रखा कि आखिर हम नदी को पूजते हैं या उसे कचरा घर समझ चुके हैं। श्रमदान दल के सदस्यों ने कहा कि आज का बड़ा वर्ग फोटो खिंचवाकर, सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर स्वयं को समाजसेवी साबित करने में अधिक रुचि दिखा रहा है, जबकि वास्तविक सामाजिक जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया गया है। स्वच्छता के दौरान बेतवा नदी के घाटों पर बड़ी मात्रा में मेडिकल सामग्री पाई गई, जिसमें इंजेक्शन के रैपर, दवाइयों के पत्ते, ग्लूकोज़ की बोतलें एवं अन्य चिकित्सीय कचरा शामिल था। श्रमदान दल ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि "बड़ी मात्रा में मेडिकल सामग्री का नदियों के घाटों पर फेंका जाना निश्चित ही मूर्खता का परिचायक है।" ऐसा कचरा न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि नदी में स्नान करने वाले बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों के लिए भी गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है। नदी तट पर मुंडन संस्कार के लिए बने चबूतरों के होते हुए भी अनेक लोग सीधे घाट की सीढ़ियों या पानी के समीप ही बाल मुंडवा देते हैं। श्रमदान के दौरान एक बोरी से अधिक बाल घाट से एकत्रित किए गए। श्रमदान दल ने कहा "मुंडन संस्कार के लिए चबूतरे होने के बावजूद यहां-वहां बाल मुंडवाना, स्वच्छता के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैये को प्रदर्शित करता है।" सैलून व्यवसाय से जुड़े व्यवसायियों को भी चाहिए कि वे न केवल चबूतरों पर ही मुंडन कार्य करें और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करे। क्योंकि नदियों की स्वच्छता में सब का सामूहिक प्रयासों बहुत कारगार साबित होगे। दल के सदस्यों ने अपील की कि धर्म और संस्कार के नाम पर नदी को प्रदूषित करना किसी भी रूप में उचित नहीं है। पूजन सामग्री, घरेलू कचरा और एक बोरी से अधिक बाल एकत्रित आठवें चरण के स्वच्छता अभियान के दौरान बेतवा तट से पूजन एवं हवन सामग्री, घरेलू कचरा, प्लास्टिक एवं कपड़े के टुकड़े, तेल शैंपू साबुन गुटका पाउच, तथा एक बोरी से अधिक बालएकत्रित किए गए। यह स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि आज भी अनेक लोग नदी को "सब कुछ बहा देने की जगह" मानते हैं, न कि जीवनदायिनी धारा के रूप में सम्मान देते हैं।

# विवाह केवल संबंध नहीं संस्कार है: प्रेमभूषण महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राजेंद्र नगर स्थित श्रीधाम बासौदा दरबार के भगवान श्री रामदेव मंदिर में चल रहे नवदिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं रामकथा के छठवें दिवस सोमवार को प्रेमभूषण महाराज ने राम-विवाह प्रसंग के माध्यम से आधुनिक विवाह व्यवस्था पर सारगर्भित, मार्मिक और विचारोत्तेजक संदेश दिया। रामचरित मानस की पवित्र कथा से राजनीति, समाज और परिवारों के आचरण तक महाराज ने मंच से ऐसी वाणी प्रवाहित की जिसने उपस्थित जनसमुदाय को भीतर तक झकझोर दिया। कथा के दौरान वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज ने भी कथा व्यास का सम्मान किया। श्रीधाम बासौदा दरबार के पीठाधीश्वर हरिनारायण पाठक जी महाराज के पावन संकल्प से आयोजित कथा का गायन करते हुए महाराज ने कहा कि हमारे हाथ में केवल हमारा कर्म है। हमारे कर्म से ही हमारा प्रारब्ध बनता है। कोई भी व्यक्ति किसी और के भाग्य को बदल नहीं सकता है। क्योंकि उसका भाग्य तो उसके अपने ही कर्मों से बना होता है। कर्म का फल हर हाल में खाना होता है और सनातन धर्म विश्वास पर ही टिका है। इस कथा के मुख्य यजमान राजकुमार शर्मा अधिवक्ता ने सपरिवार कथा के प्रारंभ में व्यास पीठ पूजन का पूजन किया और आरती में सम्मिलित हुए। महाराज ने कहा कि आज विवाह द्वार पर नहीं, गोवा, खजुराहो में हो रहे हैं। अर्थात विवाह अब संस्कार का स्थल न होकर पर्यटन का ठिकाना होता जा रहा है। लोग व्यवहार में कुछ और, आचरण में कुछ और हो गए हैं। विवाह जैसे पवित्र संस्कार में भी अब बाहरी चमक-दमक की खोज है, जबकि विवाह का मूल उद्देश्य दो आत्माओं का मिलन और दो परिवारों का संस्कार मिलन होता है। उन्होंने कहा कि यदि हमें विवाह अपने नगर के बाहर करना पड़े तो ऐसा स्थान चुनना चाहिए जहाँ संस्कार भी जुड़ें, तीर्थ-संगति हो।



विवाह के भरोसे तीर्थ यात्रा भी हो जाए, यही भारतीय परंपरा है। महाराज ने राम-विवाह की मर्यादा का स्मरण कराते हुए कहा कि वहाँ न कोई दिखावा था, न कोई मांग, न कोई प्रदर्शन। विवाह में मर्यादा ही मंगलसूत्र थी और सम्मान ही वरमाला। उन्होंने कहा कि जीवन हमारा क्या है यह हमें लोग न बताएं, यह हमारे आचरण एवं व्यवहार से स्वयं प्रकट हो।

विवाह में प्रेम और मर्यादा का सम्मान होना चाहिए, न कि खर्चे और मांगों का। महाराजश्री ने पुराने समय की परंपराओं को याद दिलाते हुए कहा कि पहले परिवार यह देखते थे कि लड़का-लड़की कितने संस्कारी हैं, उनका आचरण कैसा है। वहीं से तय होता था कि इस विवाह में मर्यादा क्या होगी, सम्मान क्या होगा। लेकिन आज विवाह में मर्यादा और सम्मान नहीं, केवल लेन-देन की बातें होती हैं। विवाह अब संस्कार नहीं, सौदा बनता जा रहा है। राम-विवाह से जोड़कर उन्होंने सरल लेकिन गंभीर संदेश दियाजहाँ विवाह में राम मिलते हैं, वहाँ रावण का अहंकार मर जाता है। जहाँ संस्कार होते हैं, वहाँ तड़क-भड़क का कोई मूल्य नहीं रहता।

### जंबूरी समारोह का राष्ट्रपति ने किया समापन, हरिहर और अनिता का होगा सम्मान

# स्काउट गाइड जंबूरी में विदिशा जिले को मिला प्रथम स्थान






हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भारत स्काउट गाइड द्वारा लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय डायमंड जुबली जंबूरी में जिला गेट, प्रदर्शनी, गैजेट्स एवं कैंप क्राफ्ट में ओवर ऑल प्रथम स्थान विदिशा जिले को प्राप्त हुआ। मध्य प्रदेश के दल नेता बी एल शर्मा राज्य मुख्यालय भोपाल द्वारा पुरुस्कार वितरण समारोह में जैसे ही प्रथम स्थान के लिए विदिशा का नाम घोषित किया, वैसे ही जिले के 35 सदस्यों के दल में खुशी की लहर दौड़ गई। जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह जाटव, जिला संगठन आयुक्त अनीता पटले के निर्देशन में जिला दल नेता हरिहर चतुर्वेदी, सहायक दल नेता हनीफ खान मंसूरी, स्काउटर गाइडर संदीप जैन, रेखा शर्मा ने एवं फरहत उन्नीसा खान द्वारा 22 स्काउट एवं 8 गाइड के दल के साथ 19वी राष्ट्रीय डायमंड जुबली जंबूरी में सहभागिता की गई थी।

#### सम्मान समारोह को होगा आयोजन

23 से 29 नवम्बर तक आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से भारत स्काउट शामिल हुई। जिसमें मध्यप्रदेश के विदिशा, सिरोंज की भी अहम भूमिका रही। 19वीं डायमण्ड जुबली राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ में विदिशा जिले की गतिविधियो में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त होने पर देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम का नेतृत्व विदिशा जिला स्काउट गाइड के जिला सचिव हरिहर प्रसाद चतुर्वेदी,जिला संगठन आयुक्त अनिता पटले ने किया। वही उत्कृष्ट कार्यो में गेट प्रदर्शनी व स्वच्छता में अदुत्य स्थान प्राप्त होने पर जिला सचिव हरिहर प्रसाद चतुवेदी व अनिता पटले सहित विदिशा जिले के स्काउट शिक्षको का सम्मान हुआ। इस अदुत्य सफलता पर जिला स्काउड गाइड के उपाध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी ने कहा कि विदिशा जिले के स्काउट गाइड के दल ने जो पूरे देश में परचंम फहराकर जो प्रथम स्थान प्राप्त किया है उसके लिए उनका सम्मान किया जाएगा। वही उक्त दल में सहयोगी के रूप में मो. हनीफ मंसूरी शमशाबाद,फरहत उल निशा सिरोंज,संदीप जैन बासौदा,रेखा शर्मा विदिशा के अलावा डाल्फिन का भी सम्मान किया जाएगा। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ अधिकारियो के साथ जिले के जनप्रतिनिधि भी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

#### 6 दिवसीय आयोजन का हुआ रंगारंग समापन

इस 6 दिवसीय आयोजन का रंगारंग समापन महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मूर्मू द्वारा किया गया। वही कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य,बृजेश पाठक, भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय मुख्यायुक्त केके खंडेलवाल,राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार जैन,उत्तर प्रदेश के स्काउट गाइड अध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह,प्रादेशिक मुख्या युक्त डॉ प्रभात कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट गाइड आंदोलन सर्वधर्म समभाव का सबसे बड़ा उदाहरण है कोई भेदभाव नहीं और संपूर्ण भारत के बच्चे एक ही स्थान पर रहते हुए शिविर जीवन विताकर प्रकृति से रुबरु होते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जंबूरी भी एक तरह का मिनी कुंभ है छोटे छोटे बच्चों का कार्यक्रम आयोजन बहुत चुनौती पूर्ण भरा होता है लेकिन हमने इस को स्वीकार करते हुए सफल कार्यक्रम किया। सभी को बहुत बहुत बधाईयां एवं हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं।

### पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच की शुरू

## अपने ही खेत में फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव



हुकुम सिंह अहिरवार अपने ही खेत में फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। शव को पेड़ पर लटका देख ग्रामीणो ने

**सिरोंज।** रविवार को ग्राम चंदाढाना निवासी 23 वर्षीय हुकुम सिंह अहिरवार का शव उसके ही खेत में लगे आम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। ग

राम के बच्चें जब सुबह अपनी बर्कोरिया चराने के लिए खेतो की तरफ गए तो बच्चों ने देखा कि कोई व्यक्ति आम के पेड पर लटका हुआ। जिससे देखा बच्चों ने ग्रामीणो को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही ग्रामीणो ने खेत में पहुचकर देखा तो तुरंत पथरिया थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। तो वही मौके पर पहुची पथरिया पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय भेंजा और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। वही ग्रामीणो से मिली जानकारी अनुसार हुकुम सिंह प्रेंम प्रसंग के चलते कई दिनो से इंदौर में रह रहा था। वह कुछ ही दिनों पहले ग्राम आया था और रविवार की सुबह उसका शव पेड पर लटका मिला।

## लिधोडा मा.शाला में मधुमक्खियों ने किया हमला, छात्र व एक अतिथि शिक्षक घायल

### मधुमक्खियों के डंक मारने से अतिथि शिक्षक शर्मा हुए बेहोश

**सिरोंज।** शनिवार को दोपहर 2 बजें के आसपास शासकीय माध्यमिक शाला लिधोडा में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। घटना में चार से पांच छात्र व एक शिक्षक सहित 8-9 लोग घायल हुए। वही मधुक्खियो के शांत होने के बाद शिक्षको ने ग्राम के प्राईवेट डॉक्टर को बुलाकर बच्चों का उपचार कराया।

मधुमक्खियों के हमले में घायल हुए अतिथि शिक्षक राज कुमार शर्मा मौके पर ही बेहौश हो गए। वही शिक्षको ने एक निजी वाहन ने अतिथि शिक्षक को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल भेंजा। मिली जानकारी अनुसार स्कूल के समीप लगें एक आम के पेड पर मधुमक्खी का छत्ता कई दिनों से लगा हुआ है। जिससे स्कूल के बच्चों को हमेशा खतरा रहता है। कभी कोई बाज मार दे या कभी कोई चिड़यि चोंच मार दे या कोई धुंआ कर दे और मधुमक्खी लोगों पर हमला कर दे।



शनिवार को बच्चे स्कूल में पढ़ाई-लिखाई में व्यस्त थे तभी मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। अचानक मधुमक्खियों का झुंड आक्रामक हो गया और उसने आसपास के लोगों को डंक मारना शुरु कर दिया। मधुमक्खियों के हमले में एक छात्र व एक शिक्षक बुरी तरह घायल हो गए। मधुमक्खियों के अचानक हमले में अफरा-तफरी मच गई।

## निर्मला कान्वेन्ट बना इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का विजेता



**सिरोंज।** सागर डायोसियेशन द्वारा आयोजित इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमी फायनल एवं फायनल मुकाबले में निर्मला कान्वेट स्कूल में आयोजित किये गये जिसमें निर्मला कॉनवेंट की टीम ने सेंट मेरी स्कूल मकरौनिया की टीम को हरा कर खिताब अपने नाम किया। सेंट मैरी स्कूल टीम के कप्तान आर्यन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। निर्मला कॉन्वेट की टीम ने 10 ओवर में 75 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सेंट मैरी की टीम 10 ओवर में मात्र 62 रन ही बना सकी। इस प्रकार निर्मला स्कूल ने फायनल मुकाबला 13 रन से जीत कर इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फायनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच अश्विन वर्मा रहे जबकि श्रेष्ठ गेंदबाज प्रीत मांझी एवं श्रेष्ठ बल्लेबाज प्रिंस श्रीवास्तव चुने गये। इससे पूर्व आयोजित सेमी फायनल मुकाबले में निर्मला स्कूल ने सेंट मैरी स्कूल दौराना की टीम का हराकर फायनल में प्रवेश किया। वहीं सेंट मेरी स्कूल मकरौनिया ने लिटिल फ्लावर स्कूल गैरतगंज की टीम को हराकर फायनल में स्थान सुनिश्चित किया। विजेता एवं उप विजेता टीम को सागर से पधारे बिशव जेम्स अथिकलम के द्वारा पुरूकृत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी एवं प्राचार्य सिस्टर टेंसी के द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं उनके कोच, राहुलचंद्रन, रफत उल्लाह एवं रामचन्द्र सिंह को विजेता बनने पर बधाई दी।

## अब समय आ गया है कि हम सब एक हो जाएं: हार्दिक



**सिरोंज।** जनकल्याण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कहा कि बड़ी ही विनम्रता से अपनी बात देश के सामने रखते हुए कहा कि समय आ गया है कि हम सब एक हो जाये। में हमेशा कहता हूं और आज भी वही बात कह रहा हूं की जब गुजरात नहीं था तब हर एक गुजराती महाराष्ट्रीयन ही थे तो अब ये भेदभाव क्यों। हार्दिक हुंडिया ने आगे ऐसे अनेक उदाहरण बताते हुए कहा कि राजनेता राज ठाकरे जैसे खुमारी वाले नेता की आज देश को जरुरत है। आज देश में भाई भाई के बीच यह परिस्थिति हो गई है कि हमें सबको मिलकर आगे आना होगा। भेदभाव मिटेगा तभी राष्ट्र आगे बढ़ेगा। मेरी देश के गुजराती और मारवाड़ी समाज से एक विनंती है कि आप आगे आइए,एकजुट होइए हमें किसी से लड़ना नहीं है। मारवाड़ी और गुजराती ऐसी कौम हैं कि देश में जब-जब तकलीफ आई है, भारत माता के पुत्र होने के नाते इन्होंने अपनी जिम्मेदारीया निभाई है। मैं हार्दिक हुंडिया आपसे अपील करता हूं कि आज राष्ट्र के अंदर जो भेदभाव की आपदा भाइयों के बीच आई है, उसे हमें मिटाना है। उसने क्यों मारा,उसने क्यों मार खाई हमें उसके अंदर जाना होगा। यह नफरत की आग है, इसे कहीं न कहीं रोकना पड़ेगा।

## 257 नाबालिग को सुरक्षित घर पहुंचाया एक साल में 59 बालिकाओं को खोजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

■ 90 प्रतिशत नाबालिग प्रेम-प्रसंग में घर छोड़कर गई थीं।

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विदिशा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'मुस्कान अभियान' को बड़ी सफलता मिली है। 1 नवंबर 2024 से अब तक जिलेभर में विशेष अभियान के तहत 59 नाबालिग बालिकाओं को खोजकर उनके परिजनों को सुरक्षित सौंपा गया है।

एएसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि पूरे साल में गुमशुदगी के कुल 243 मामले ट्रेस किए गए। पिछले वर्ष के लंबित मामलों को मिलाकर कुल 257 बच्चों को खोजकर सकुशल उनके घर पहुंचाया गया है। एएसपी चौबे के अनुसार, इन मामलों में 90 प्रतिशत से अधिक नाबालिग लड़कियां प्रेम-प्रसंग के कारण घर छोड़कर गई थीं। पुलिस ने उन्हें इंस्टाग्राम लिंक, सोशल मीडिया ट्रैकिंग और साइबर फोरेंसिक टीम की मदद से ढूंढ निकाला। एएसपी चौबे ने कुछ गंभीर मामलों का भी जिक्र किया। शमशाबाद की एक नाबालिग बालिका पाकिस्तान सीमा तक पहुंच गई थी। विदिशा पुलिस टीम ने राजस्थान जाकर बीएसएफ कमांडेंट की सहायता से उसे सुरक्षित वापस लाया। इसके अतिरिक्त, कई अन्य बालिकाएं पंजाब और पश्चिम बंगाल जैसे दूरस्थ राज्यों तक पहुंच गई थीं। विदिशा पुलिस की टीमों ने वहां से भी उन्हें सकुशल वापस लाने में सफलता प्राप्त की। एक अन्य संवेदनशील घटना में, एक महिला अपनी दो नाबालिग ननदों को गलत गतिविधियों में धकेलने का प्रयास कर रही थी। पुलिस ने समय रहते इस पूरे गिरोह का भंडाफोड़ कर बच्चियों को सुरक्षित बचाया। एएसपी चौबे ने बताया कि पुलिस टीम ने अत्यधिक मेहनत, रात-दिन की निगरानी और अन्य राज्यों की पुलिस व एजेंसियों के सहयोग से इन सभी बच्चों को तलाशा। इस अभियान के तहत एक ऐसे बच्चे को भी खोजा गया जो 15 साल से अपने घर से दूर था। एएसपी चौबे ने नाबालिगों से अपील की कि वे किसी भी परिस्थिति में गलत कदम न उठाएं।

## सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम महाराजा छत्रसाल प्रतिमा की छत्रसाया में हुआ संपन्न

**सागर।** नवंबर माह के इस अंतिम रविवार को महाराजा छत्रसाल प्रतिमा पर विजय टाकीज तिराहे पर प्रदेश युवक कांग्रेस पूर्व सचिव चैतन्य कृष्ण पांडे जी के करकमलो से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चैतन्य ने कहा कि वोट चोरी की असलियत भारत की भोली भाली जनता के सामने आ गयी है, एसआईआर चुनाव आयोग का लोकतंत्र तथा विपक्षी पार्टियों को खत्म करने का भयावह तथा सुनियोजित षडयंत्र है जो इस देश के इतिहास में कभी नहीं हुआ। एस आई आर मे आ रही विसंगतियां कम करने चुनाव आयोग को आगे आना चाहिये जिससे बी एल ओ पर बढते दबाव को कम किया जा सके। उन्होंने सेवादल परिवार को भी ध्वज वंदन का मौका देने पर धन्यवाद दिया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष बाबूसिंह यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और संचालन द्वारका चौधरी ने किया। कार्यक्रम के अंत मे पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रकाश जायसवाल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुये मौन रखकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम मे पार्षद सुरेखा राकेश राय, समीर खान आदि रहे मौजूद।

### शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ दो दिवसीय भव्य आध्यात्मिक आयोजन

## उषा श्रीवास्तव की स्मृति में हुआ कार्यक्रम श्रद्धालुओं ने प्राप्त की आध्यात्मिक अनुभूति

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डीपी श्रीवास्तव की धर्मपत्नी एवं रेडियोलॉजिस्ट डॉ. पीयूष श्रीवास्तव की माताजी स्व. श्रीमती उषा श्रीवास्तव की स्मृति में गायत्री प्रज्ञापीठ, स्वर्णकार कॉलोनी में शिव परिवार की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का दो दिवसीय भव्य आध्यात्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। शनिवार को सूर्योदय से सूर्यास्त तक अखंड महामृत्युंजय जाप संपन्न हुआ। पूरे दिन परिसर वैदिक मंत्रों से गुंजायमान रहा। सायं 6 बजे विराट दीप—यज्ञ के साथ जाप का विधिवत समापन किया गया।

#### दूसरे दिन : शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा हुई

रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा गायत्री यज्ञ के माध्यम से की गई। इस पावन अनुष्ठान का संचालन भोपाल उप-जोन प्रभारी श्री रघुनाथ प्रसाद हजारी ने आचार्य के रूप में किया। दोपहर 1 बजे से प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

#### विशिष्ट उपस्थिति एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम

कार्यक्रम में गायत्री परिवार के जिला संयोजक मुकेश तिवारी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। अंत में सभी ने स्व. उषा श्रीवास्तव के सेवाभाव और जीवन मूल्यों को नमन किया। आयोजन ने क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सद्भाव का संदेश दिया।

## पंजीकृत किसानों का सत्यापन कार्य 12 तक पूरा करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज उपार्जन हेतु पंजीकृत किसानों के सत्यापन के संदर्भ में दिशा निर्देश जारी किए गए। तदानुसार उक्त कार्य 12 दिसम्बर तक पूरा करने के निर्देश प्रसारित किए गए हैं।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन हेतु जारी निर्देश की कंडिका 6 के अनुसार सिकमी, बटाईदार, वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर करने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें अनुबंध सिकमीनामा की प्रति पोर्टल पर अपलोड करने तथा पंजीकृत किसान की भूमि एवं फसल का सत्यापन राजस्व विभाग के अमले द्वारा किए जाने का प्रावधान किया गया है। जिलेवार पंजीकृत किसानों की जानकारी जारी की गई है। कतिपय जिलों में सिकमी, बटाईदार, वन पट्टाधारी किसान पंजीयन हेतु निर्धारित अनुबंध पोर्टल पर अपलोड किया जाना नही पाये जाने से किसान पंजीयन संदेहास्पद होने की संभावना है, अतएव सिकमी, बटाईदार, वन पट्टाधारी पट्टाधारी श्रेणी अंतर्गत पंजीकृत किसानों का सत्यापन की कार्यवाही के लिए सिकमी, बटाईदार, वन पट्टाधारी के सत्यापन हेतु पंजीयन केन्द्रवार खाद्य, सहकारिता, राजस्व विभाग के अमले का संयुक्त जांच दल गठित किया जाए। सिकमी, बटाईदार, वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन सहकारी समिति द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर किया गया है, पंजीयन केन्द्रों पर सिकमी, बटाईदार, वन पट्टाधारी किसानों द्वारा प्रस्तुत अनुबंध, दस्तावेज की सत्यता की जांच की जाए।

पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध दस्तावेजों में तथा ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसान के रकबे एवं फसल का मिलान पोर्टल पर अपलोड अनुबंध से किया जाए। मूल भूमि धारक द्वारा सिकमी एवं बटाई पर भूमि देने की पुष्टि किसान से की जाए। वन पट्टाधारी किसानों की पुष्टि वन विभाग से की जाए। सत्यापन दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर पाई गई स्थिति का अनुमोदन कलेक्टर से प्राप्त कर ई-उपार्जन पोर्टल पर डीएसओ लॉगिन से प्रविष्टि की जाएगी, जिसके आधार पर किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी। 12 दिसम्बर तक पूर्ण कर ली जाए के निर्देश प्रसारित किए गए हैं।

किसानों द्वारा प्रस्तुत अनुबंध ६ दस्तावेज की सत्यता की जांच की जाए। पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध दस्तावेजों में तथा ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानके रकबे एवं फसल का मिलान पोर्टल पर अपलोड अनुबंध से किया जाए।मूल भूमि धारक द्वारा सिकमी एवं बटाई पर भूमि देने की पुष्टि किसान से की जाए।वन पट्टाधारी किसानों की पुष्टि वन विभाग से की जाए।सत्यापन दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर पाई गई स्थिति का अनुमोदन कलेक्टर से प्राप्त कर ई-उपार्जन पोर्टल पर डीएसओ लॉगिन से प्रविष्टि की जाएगी, जिसके आधार पर किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी।

### हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए

## बुजुर्गों के अनुभवों से जीवन श्रेष्ठ बनता है: रेखा दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज





प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ग्रीन पार्क कॉलोनी सेवा केंद्र द्वारा संगम गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन अभियान के अंतर्गत सीएम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल तथा श्याम हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं में बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारीज और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के बीच 2 जून को हुए एमओयू का उद्देश्य भी इसी भावना को समाज तक पहुँचाना है। रेखा दीदी ने कहा कि आज विद्यालयों में नैतिक मूल्यों का अभाव बढ़ रहा है। एक समय श्रवण कुमार जैसे आदर्श उदाहरण मिलते थे, लेकिन आज वृद्ध माता-पिता को उपेक्षित करने की प्रवृत्ति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि कितने भी वृद्धाश्रम बना लिए जाएँ, जब तक समाज में आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्य नहीं जागेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। बुजुर्ग हमारे अनुभवों के भंडार और घर के वैद्य समान होते हैं, जिन्हें समय और सम्मान देना आवश्यक है।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि वृद्ध ही हमारी जड़ें हैं, उन्हीं के कारण हमारा अस्तित्व है, इसलिए उनका मान-सम्मान हमारा कर्तव्य है। विद्यालय के प्राचार्य ने माउंट आबू को धरती का स्वर्ग बताते हुए सभी को वहाँ की आध्यात्मिक यात्रा करने और नियमित ध्यान करने की प्रेरणा दी। अंत में नंदिनी बहन ने मेडिटेशन का महत्व समझाते हुए बच्चों को प्रैक्टिकल मेडिटेशन कराया।

## जिले में बढ़ते अपराध, बेलगाम जुआ और सट्टा शराब के विरोध में कांग्रेस करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बैठक आहूत की गई जिसमें तय किया गया सागर जिले में बढ़ते अपराध हत्या, कट्टर बाजी, अवैध शराब, जुआ सट्टा, के खिलाफ जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में सागर पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में पूर्व विधायक सुनील जैन,पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, मुकुल पुरोहित, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश यादव ,रामकुमार पचौरी, प्रदीप गुप्ता, सेवादल अध्यक्ष अध्यक्ष सिन्टू कटारे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू आदि ने शहर में बिगड़ी कानून व्यवस्था अवैध शराब, जुआ सट्टा, कट्टर बाजी, स्पा सेंटर के द्वारा शहर का जो माहौल बिगाड़ा जा रहा है उसके खिलाफ अपनी बात रखी व 2 दिसंबर को दोपहर 2 बजे पुलिस महानिरीक्षक सागर से मिलकर ज्ञापन सौंपने की बात कही । बैठक में तय किया गया जिस तरह से पुलिस थानों के अंतर्गत अवैध गतिविधियों पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही अगर ज्ञापन के बाद शहर का माहौल नहीं सुधारा गया तो जिला कांग्रेस कमेटी आगे भी चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

**खबर संक्षेप**

## कर्क रेखा पर सेल्फी का क्रेज, बिना सुरक्षा के हाईवे क्रॉस कर रहे पर्यटक




**सलामतपुर।** जिले का कर्क रेखा स्थान जो भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर स्थित है ने अपनी अनूठी पहचान के चलते पर्यटकों के लिए एक आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बना लिया है। यहां शनिवार और रविवार को पर्यटकों की भीड़ और बढ़ जाती है, जिसमें पर्यटक परिवार सहित पहुंचते हैं, जो इस स्थान की ख्याति के बारे में सुनकर रुकते हैं और सेल्फी खींचते हैं। हालांकि, इस स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था का अभाव चिंता का विषय बना हुआ है। पर्यटक, खासकर बच्चे और परिवार, अपनी जान जोखिम में डालकर हाईवे पार करते हैं, क्योंकि सड़क पर किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था या संकेत नहीं हैं। यह स्थिति संभावित हादसों को बढ़ावा दे सकती है। इस कर्क रेखा स्थान की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, पर्यटन विभाग को सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता है। यदि यहां बेहतर व्यवस्थाएं, जैसे सुरक्षित सड़क पार करने के लिए मार्ग, संकेतक बोर्ड, और सेल्फी पॉइंट्स की उपयुक्त डिजाइनिंग हो, तो यह न केवल पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है, बल्कि उन्हें और अधिक आकर्षित भी कर सकता है। कर्क रेखा अमेरिका, मैक्सिको में मजातलान, बहामास पश्चिमी सहारा, मौरीटानिया माली अल्जीरिया नाइजर लीबिया चाड मिस्र सऊदी अरब संयुक्त अरब इमारात ओमान भारत बांग्लादेश म्यांमार चीन तथा ताइवान से होकर निकलती है।

### महोत्सव का कवि सम्मेलन के साथ हुआ समापन, 50 हजार से अधिक पर्यटक हुए शामिल

# महाबोधि महोत्सव के दूसरे दिन देश-विदेश से उमड़ा 'पर्यटकों का सैलाब'

**साधू-साधू के स्वर से गूंजा सांची का स्तूप परिसर, भगवान बुद्ध के प्रिय शिष्यों की अस्थियों के दर्शन करने पहुंचे बौद्ध भिक्षु एवं अनुयायी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सांची में आयोजित दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव का रविवार को भव्यता पूर्ण समापन हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन 50 हजार से अधिक लोग सांची पहुंचे। इसमें देश-विदेश के बौद्ध भिक्षुओं के साथ अन्य पर्यटक भी शामिल रहे। नगर में सुबह से शाम तक पर्यटकों का जमावड़ा लगा रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन देर रात चलता रहा।

चेतियगिरि विहार के स्थापना की 73वीं स्मृति समारोह में पूर्व चुनाव आयुक्त एवं एसडीजी प्रशासनिक अनुराधा शंकर सिंह के साथ कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। सुबह लगभग 8 बजे भगवान बुद्ध के प्रिय शिष्य अरिहंत सारिपुत्र और महामोदग्गयान के पवित्र अस्थि कलशों को तलघर से निकाल कर चेतियगिरि विहार में दर्शनों के लिए रखे गए, जहां देश-विदेश के बौद्ध भिक्षुओं, बौद्ध अनुयायियों एवं पर्यटकों ने दर्शन लाभ लिया।

श्रीलंका से आए बौद्ध भिक्षुओं ने बताया कि भगवान बुद्ध का यह पवित्र स्थल है, बुद्ध हमें शांति का संदेश देते है। सम्राट अशोक ने सांची स्तूपों की स्थापना की थी, जो कि दुनियाभर में एक पूजनीय स्थल बन गया है।

अंतिम दिन श्रीलंका की ललिता गोमरा एवं साथी कलाकार लोकनृत्य एवं लोकगायन के माध्यम से श्रीलंका की संस्कृति को मंच पर लेकर आविर्भूत हुए। समारोह की अंतिम सभा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की हुई। जहां सूर्यकुमार पाण्डेय, स्वयं श्रीवास्तव, सुमित मिश्रा, अभिसार शुक्ला, हिमांशी बाबरा, मनु वैशाली, दीपक शुक्ला एवं चेतन चर्तित ने कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं श्रीलंकाई कलाकारों ने श्रीलंका संस्कृति के माध्यम से प्रेरक नाटक एवं नृत्यों का मंचन कर लोगों को श्रीलंका की संस्कृति से परिचित कराया गया।

**महाबोधि महोत्सव के अंतिम दिन देशभर से आए प्राख्यात कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया**

**नृत्य नाटिका एवं गीत-संगीत से दिखाई भगवान बुद्ध के शांति, समृद्धि तथा विश्व के लिए बंधुता के संदेश की कहानी**

**मेले के अंतिम दिवस देश विदेश की कई हस्तियों ने शामिल होकर बुद्ध शिष्यों के पवित्र अस्थि कलशों के दर्शन किए**



### भगवान बुद्ध के विचारों को मंच पर जीवंत कर दिया

शनिवार को देर शाम को श्रीलंका की ललिता गोमरा ने श्रीलंका के लोकनृत्य एवं गायन की प्रस्तुति दी तथा वहीं भगवान बुद्ध की जीवन कथा पर केंद्रित नृत्य नाटिका 'बुद्ध का त्याग' से भगवान बुद्ध के जीवन आदर्शों का मर्मिग वर्णन कर देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं का मनमोह लिया। वहीं द साया बैंड के कलाकारों ने भक्ति संगीत से भगवान बुद्ध के विचारों को मंच पर जीवंत कर दिया।




### मेले की सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे पुलिस कर्मी

सांची में आयोजित दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव के दौरान जिला प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात की व्यवस्था संभाली। सांची के मुख्य मार्ग पर वाहनों को एक तरफ से निकाला जा रहा था और यातायात पुलिसकर्मी तैनात थे। एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे ने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात किए गए थे। पार्किंग व्यवस्था और मंदिर के बाहर भी पर्याप्त पुलिस बल मौजूद था। इस आयोजन के नोडल अधिकारी एसडीएम मनीष शर्मा, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मांडले सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे।



### पीएम नरेंद्र मोदी ने भेजी शुभकामना

*आज दूसरा दिन चेतियगिरि विहार के 73वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाबोधि महोत्सव के लिए शुभकामना संदेश भेजा है। संदेश में उन्होंने कहा कि सांची भारत और श्रीलंका के बीच बौद्ध धर्म की साझा विरासत का प्रतीक है।*

### पहले दिन प्रभारी मंत्री हुए शामिल

*जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि भगवान बुद्ध का शांति का संदेश सार्थक है। मानवता के लिए जियो और जीने दो का संदेश महत्वपूर्ण है। सम्राट अशोक के काल में यहां यह स्तूप स्थापित किए गए थे। सांची का महत्व पूरी दुनिया में है।*

चेतियगिरि विहार में अस्थि कलशों के दर्शनार्थ पहुंचे बौद्ध अनुयायी



पवित्र अस्थि कलशों को सिर पर धारण करते बौद्ध भिक्षु



श्रीलंकाई संस्कृति को मेले में प्रतिभूत करते कलाकार



मेले के दौरान हाईवे पर बनते रहे कई बार जाम के हालात



### वन-राजस्व विभाग अमले ने अवैध पत्थर बोल्डरों की खदानें पर की छापामार कार्रवाई, जब्त की मशीनें

**रायसेन।** सामान्य वनमण्डल रायसेन सर्किल के पूर्व वनरेंज में वनभूमि, राजस्व भूमि पर चले रही अवैध पत्थर, फरसी, बोल्डरों की खदानों पर मुखबिर की सूचना पर डीएफओ प्रतिभा शुक्ला के निर्देश पर एसडीओ सुधीर पटले और विभागीय अधिकारी वन कर्मियों की गठित संयुक्त टीमों द्वारा वनरेंज पूर्व और पश्चिम में अचानक छापेमारी कार्रवाई की। एसडीओ पटले द्वारा वन अमले की संयुक्त टीम द्वारा पटले वन परिक्षेत्र पूर्व रायसेन की वनबीट घाट पिपलिया के कक्ष क्रमांक 389 में अवैध उत्खनन करते हुए पोकलेन मशीन एवं एक डंपर को जब्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अवैध उत्खनन में संयुक्त दोनों वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की गई।

### अंबाड़ी के गणेश मंदिर में चल रही रामलीला के तीसरे दिन श्रीराम विवाह का वर्णन किया

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम अंबाडी के गणेश मंदिर में चल रही रामलीला के तीसरे दिन अयोध्या धाम प्रचारक मंडल प्रयागराज द्वारा आयोजित की जा रही रामलीला में राम विवाह की लीला का मंचन गया। लीला मंचन के दौरान बताया गया कि जब भगवान श्री राम ने धनुष भंजन किया तो मादिरांचल पर्वत पर तपस्या में लीन परशुराम जी की तपस्या भंग हो गई और उन्हें ज्ञात हुआ कि भगवन शंकर का पिनाक धनुष टूट गया है। तब वह क्रोध से आग बबूला होकर मिथला आ धमकते हैं और राजा जनक से पूछते हैं कि भगवान शिव के धनुष को तोड़ने का दुस्साहस किसने किया।

## स्व. गोरा देवी की स्मृति में कदंब पौधे का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



स्व. श्रीमती गोरा देवी की पावन स्मृति में चौरसिया परिवार द्वारा रायसेन जिला विकास समिति एवं बस एक कदम और वेल्फेयर सोसायटी के सहयोग से वन विभाग कार्यालय के सामने कदंब वृक्षों का रोपण किया। कार्यक्रम में मौजूद समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

आशीष गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा से मां की स्मृति में हमारे परिवार का यह एक छोटा सा प्रयास है। कदंब जैसे पर्यावरण-अनुकूल वृक्ष लगाने से न केवल नगर में हरियाली आएगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिलेगा। पौधरोपण कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह ठाकुर, नीलेंद्र मिश्र, संघर्ष शर्मा, मनोज कुशवाहा, आशीष गुप्ता, बारेलाल सूर्यवंशी, मोहर सिंह कुशवाहा, मोहम्मद शकील सहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने वृक्षों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया।

**धार्मिक यात्रा में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़, आस्था व परंपरा का होगा संगम**

## ढिलवार से चलकर दो दिनों में मां नर्मदा के घाट पहुंचेगी चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

ग्राम ढिलवार में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन बड़े उत्साह और आस्था के साथ किया जा रहा है। यह दो दिवसीय धार्मिक यात्रा 2 दिसंबर मंगलवार को प्रातः 10 बजे ढिलवार ग्राम से विधिवत रूप से प्रारंभ होगी। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, ओजस्विनी जिला रायसेन द्वारा आयोजित यह यात्रा ग्रामीण जनसमुदाय की परंपराओं, धार्मिक भावनाओं और सामूहिक सहभागिता की प्रतीक मानी जाती है।

यात्रा ढिलवार से प्रारंभ होकर पिपलिया, डाबरी और सियरमऊ ग्राम से होती हुई सिलवानी पहुचेंगी। यहां रात्रि विश्राम का आयोजन किया गया है, जिसके दौरान भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

## निरीक्षण के दौरान एसपी ने कहा- थानों में लंबित अपराधों का जल्द करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

**जिले के कई थानों का एसपी गुप्ता ने किया निरीक्षण**




जिले में कानून व्यवस्था का सही तरीके से आमजन को लाभ मिले। लोगों के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े। इसे लेकर नवागत जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा जिले के बरेली, उदयपुरा, भारकच्छ देवरी थाने का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। एसपी गुप्ता ने रविवार को रायसेन जिले के उदयपुरा, देवरी भारकच्छ सहित कई थानो का निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण कर एसपी गुप्ता ने तमाम व्यवस्थाओं को देखा।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को लंबित अपराधों के जल्द निराकरण हाइवे पर रात्रि पुलिस गशत पर फोकस करने, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों से बारी-बारी से बातचीत कर पुलिस को भरपूर सहयोग करने की बात भी कही। एसपी बोले पुलिस से डरें नहीं बल्कि मित्रवतव्यवहार करें। पुलिस अधिकारी थाने में फरियाद लेकर आने वालों के साथ अच्छा व्यवहार करें। उन्हें पानी पिलाएं और कुर्सी पर बैठाएं इसके बाद उनकी फरियाद सुनें।रविवार को जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा जिले के थाना बरेली, थाना देवरी, थाना उदयपुरा एवं थाना भारकच्छ का निरीक्षण किया। एसपी श्री गुप्ता थाना प्रभारियों एवं पुलिस थानों के स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिये।



### सिविल अस्पताल में लगा महिला नसबंदी शिविर

**बरेली।** सिविल अस्पताल में महिला नसबंदी शिविर का आयोजन हुआ सर्जन डॉ दीपक गुप्ता और उनकी टीम द्वारा 38 महिलाओं के लेप्रोस्कोपिक तकनीक से ऑपरेशन किए। नसबंदी ऑपरेशन के बाद सभी महिलाओं की हालत सामान्य रही अधिकतर महिलाओं की जिस दिन ऑपरेशन हुआ उसी दिन छुट्टी कर दी गई। महिला नसबंदी शिविर में डॉ दीपक गुप्ता निश्चेतना विशेषज्ञ डॉक्टर हेमंत यादव सुचित्रा मालवीय की सक्रिय भूमिका रही। बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को बढ़ावा देने और महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने की दिशा में नसबंदी शिविर अहम है।

**मुख्य मार्ग किनारे सीसी सड़क निर्माण कार्य जारी**

# नप द्वारा यातायात को सुगम बनाने का प्रयास

**नागरिकों द्वारा सड़क के दूसरी ओर भी इसी प्रकार से सीसी सड़क चौड़ीकरण की मांग की जा रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर पंचायत द्वारा नगर के विभिन्न मार्गों का पिछले महीनों में सीसी निर्माण किया गया नगर के बीचों बीच से निकाले पुराने एनएच 12 सड़क किनारे डामर सड़क से लगकर सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है सड़क चौड़ी होने से यातायात सुगम और सुरक्षित होगा।

नगर के बीच से निकली पुरानी मुख्य सड़क के बीच में डिवाइड बना है बेहतर लाइटिंग भी है। सड़क के दोनों और बरसों पुरानी नालियां बनी हुई है जब भी तेज बारिश होती है दीनदयाल चौराहे से कब्रिस्तान चौराहे तक घुटनों तक पानी भर जाने से यातायात प्रभावित और सफर जोखिम भरा हो जाता है। पूर्व में भी और वर्तमान में सड़क के एक ही और सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है।

### सड़क किनारे अतिक्रमण बना समस्या का कारण



सड़क के दूसरी ओर इसी प्रकार चौड़ी सीसी सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। कॉलेज रोड पर नगर की सीमा तक नर्मदा गार्डन एवं मानस सत्संग भवन सड़क के दोनों और भी इसी प्रकार सीसी रोड चौड़ीकरण होने से यातायात सुरक्षित होगा, नागरिकों द्वारा दोनों और सड़क निर्माण की मांग की जा रही है।

### अतिक्रमण बड़ी समस्या

नगर पंचायत द्वारा किनगी रोड का निर्माण किया गया पूर्व में चेनपुर रोड पर भी सीसी रोड का निर्माण किया पिछले दिनों कब्रिस्तान टॉकीज चौराहे से नाहर गार्डन तक सीसी रोड का निर्माण हुआ। दाल मील मोहल्ले में सीसी रोड का निर्माण चल रहा है।

नागरिकों द्वारा गहरी चौड़ी नालियों का निर्माण एवं मुख्य सड़क के दोनों और सीसी रोड से सड़क चौड़ीकरण की मांग की जा रही है। मुख्य मार्ग के किनारे नालियों सड़क किनारे स्थाई अस्थाई अतिक्रमण की भरमार बनी हुई है। अतिक्रमण सड़क निर्माण में बाधा ही बनता है, अतिक्रमण हटाने की मांग की जा रही है।

# नियमानुसार संचालित करें होटल अन्यथा की जाएगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

**पुलिस ने नगर में संचालित होटलों को जारी किए नोटिस**




नगर में 28 नवंबर को होटल अतिथि पैलेस में होने वाली घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कपिल गुप्ता के द्वारा नगर में संचालित समस्त होटल लॉज संचालकों को होटल सबंधी नियम कड़ाई से पालन के निर्देश देते हुए नोटिस जारी किए हैं।

गत दिवस नगर के उदयपुरा नाके पर संचालित होने वाले होटल अतिथि पैलेस में स्कूली छात्रों की होने की सूचना मिली थी। सूचना के पर पुलिस ने कार्रवाई भी की, जिसके तारतम्य में नगर में संचालित होटल बंधन पलेस, होटल सानवी, संगीत लाज, कैपिटल लाज, होटल अतिथि पैलेस, गैलेक्सी होटल, इंडियन रिजॉर्ट, होटल वैष्णवी को नोटिस जारी किए।

पुलिस ने संचालकों से कहा है कि प्रतिदिन रजिस्टर संधारित करेगें, जिसमें व्यक्ति के आने-जाने का समय, मोबाइल नंबर, आईडी प्रूफ, हस्ताक्षर करवाएं, रजिस्टर काउंटर पर सीसीटीवी कैमरा लगा होना चाहिए। 24 घंटे में जितने लोग होटल में रुक रहे हैं। सॉफ्ट कॉपी थाना के व्हाट्सएप नंबर पर भेजना है आवश्यक है। अलग-अलग समुदाय के लोगों को कमरा देने से पहले विशेष सतर्कता बरते प्रत्येक होटल या लाज को अपने सामने, पार्किंग एरिया में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है। कम से कम 15 दिवस का कैमरा की रिकॉर्डिंग का बैकअप होना चाहिए। छात्र-छात्राओं को बिना किसी ठोस कारण के कमरे उपलब्ध न कराया जाएं।